# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: **प्रेस–नोट** :–

दिनांकः 18.07.2025

आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, 2019 (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) के पदों हेतु साक्षात्कार दिनांक 04.08.2025 से 20.08.2025 तक आयोजित किये जायेंगे।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान–पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण–पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किये हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग की वेबसाइट http://rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**